राज्यपाल सचिवालय
जनसम्पर्क प्रकोष्ठ

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 07 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश की महिलाओं को शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि यह महिलाओं की आकाक्षांओं, सघंर्ष, उपलब्धियों और योगदान को याद करने का दिवस है।

राज्यपाल ने कहा कि '' आज, महिलाएं आगे बढ़ रही हैं, इसके बावजूद बालिकाओं की संख्या कम होने, बाल विवाह, दहेज, महिलाओं के खिलाफ हिंसा, अनेकों स्तरों पर शोषण व भेदभाव जैसी बुराइयां मौजूद हैं। हमें इन बुराइयों को दूर करना होगा। ''

श्री मिश्र ने कहा कि ''पारिवारिक व सामाजिक जिम्मेदारियों को प्रवीणता के साथ महिलाएं निभाना जानती है। तमाम चुनौतियों के बावजूद महिलाएं मेहनत व सहनशीलता से कामयाबी हासिल कर रही हैं।''

— — —

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक,(जनसम्पर्क), राज्यपाल